रेड फॉक्स होटल ने देहरादून में रखा कदम

देहरादून। मिड-प्राइस्ड होटल सेक्टर में भारत की सबसे बड़ी होटल चेन लेमन ट्री होटल्स ने आज रेड फॉक्सल होटल, देहरादून के शुभारंभ की घोषणा की है। यह शहर में इसकी दूसरी और उत्तराखंड में तीसरी प्रॉपर्टी है। इस अवसर पर लेमन ट्री होटल्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट विक्रमजीत सिंह ने कहा, देहरादून एक महत्वपूर्ण लीशर और व्यापार केंद्र है, यह पूरे साल पर्यटकों को आकर्षित करता है। प्रतिस्पर्धी कीमतों में होटल के कमरों की बढ़ती मांग और लेमन ट्री होटल के शहर के अंदर सफल परिचालन ने हमें इस ब्रांड को यहां लाने के लिये प्रोत्साहित किया। इस शहर में अपने दूसरे होटल की पेशकश करते हुये हमें बेहद

खुशी हो रही है। रेड फॉक्स होटल, देहरादून सर्वे ऑफइंडिया के पास राजपुर रोड पर स्थित है। यह प्रमुख कॉर्पोरेट ऑफिसेज, शॉपिंग हब्स और साथ ही शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे कि सहस्त्रधारा, रॉबर्स केव, तापकेश्वर मंदिर और बुद्ध मंदिर के भी नजदीक है। इस होटल द्वारा 91 खूबसूरत और साफसुथरे कमरों, एक मल्टी-कुजिन कॉफी शॉप-क्लीवर फॉक्स कैफे और साथ ही फिटनेस सेंटर जो कि आपको फॉक्स की चुस्ती और सपुर्ति से भर देगा। होटल में दिव्यांग मेहमानों के लिये खासतौर से डिजाइन किया गया सूइट भी मौजूद है।